# जय जय जय हनुमान महाप्रभो जय अंजनी के लाला

जय जय जय हनुमान महाप्रभो,
जय अंजनी के लाला,
महाबीर बजरंगबली,
तू संकट हरने वाला।bd।

---

सात समुंदर लांघ गयो ये,
पलक झपकते भाई,
मुंदरी दीन्ही सिया सुध लीन्ही,
लंका जारी धाई,
तू अलबेला राम का चेला,
सिया सुध लेने वाला,
महाबीर बजरंगबली,
तू संकट हरने वाला।bd।

---

अहि रावण की भुजा उखाड़ी,
सबके संकट टाले,
राम लखन के प्राण उबारे,
सगरे असुर संघारे,
संकट मोचन नाम तिहारो,
काम तुम्हारा आला,
महाबीर बजरंगबली,
तू संकट हरने वाला।bd।

---

जब जब संकट आयो प्रभु पर,
तब तब भयो सहाई,
तुम्हारे बल की भरत से रघुवर,
निज मुख करत बड़ाई,
‘राजेन्द्र’ राम भजन में हनुमत,
रहता है मतवाला,
महाबीर बजरंगबली,
तू संकट हरने वाला।bd।

---

जय जय जय हनुमान महाप्रभो,
जय अंजनी के लाला,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com